रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12
No. of printed pages : 12

132

432 (IMZ)

# 2020
# लेखाशास्त्र (सैद्धान्तिक)
## ACCOUNTANCY (THEORY)

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 Hours ]

[ पूर्णांक : 80
[ Max. Marks : 80

**निर्देश :** (i) यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त हैं : 'क', 'ख' और 'ग'।
(ii) भाग 'क' सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।
(iii) भाग 'ख' और 'ग' में से कोई **एक** भाग हल करना है।
(iv) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर यथासंभव साथ-साथ लिखिए।
(v) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख दर्शाये गये हैं।

**Instructions :**
(i) This question paper contains three Parts : 'A', 'B' and 'C'.
(ii) Part 'A' is **compulsory** for all candidates.
(iii) Candidates shall attempt only **one** part of the remaining Parts 'B' and 'C'.
(iv) All parts of a question should be attempted together.
(v) Marks for each question are indicated against it.

downloaded from StudentSuvidha.com

### भाग - 'क' (लेखाशास्त्र)
### Part - 'A' (Accountancy)

1. अंशपत्र एवं ऋणपत्र में कोई दो अन्तर लिखिए। 2
Write the two difference between share and debenture.

2. ऋण-पत्रों के शोधन के विभिन्न स्रोत बताइये। 2
Enumerate the various sources of redemption of debentures.

3. लेखाकर्म की दृष्टि से कोई चार बिन्दु बताइये जिन्हें साझेदारी संलेख में अवश्य ही शामिल किया जाना चाहिए। 2
State any four points from accounting point of view which must be incorporated in a partnership deed.

4. 'त्याग-अनुपात' तथा 'लाभ-प्राप्ति अनुपात' में कोई दो अन्तर बताइए। 2
Give any two points of distinction between 'Sacrificing Ratio' and 'Gaining Ratio'.

5. A, B और C एक फर्म में 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हैं। अब वे लाभ विभाजन अनुपात परिवर्तित करके 1 : 1 : 1 करने का निर्णय लेते हैं। वे चाहते हैं कि यह लाभ विभाजन पिछले दो वर्षों से पूर्व प्रभावी तरीके से प्राप्त हो।



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

पिछले दो वर्षों का लाभ -

प्रथम वर्ष का लाभ ₹ 40,000

द्वितीय वर्ष का लाभ ₹ 20,000

एक एकल जर्नल प्रविष्टि द्वारा लाभ का समायोजन प्रदर्शित कीजिए। 3

A, B and C are partners in a firm sharing profit in the ratio of 3 : 2 :1. Now they decide to change in profit sharing ratio to 1 : 1 :1. They wish that the change in profit sharing ratio should come into effect retrospectively, for the last two year. The profit for the last two years were :

First year's profit ₹ 40,000

Second year's profit ₹ 20,000

Show the adjustment of profit by a single adjustment journal entry .

6. अजय लिमिटेड ने एक प्लाण्ट ₹ 2,00,000 का मित्तल लिमिटेड से क्रय किया। ₹ 50,000 नगद भुगतान किये गये तथा शेष धनराशि के लिए ₹ 100 प्रत्येक के समता अंश सममूल्य पर निर्गमित किये गये। अजय लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 3

Ajay Limited purchased a plant of ₹ 2,00,000 from Mittal Limited. Payment was made ₹ 50,000 as cash and equity shares of ₹ 100 each issued for remaining amount at par. Give necessary journal entries in the books of Ajay Limited.

7. A के ₹ 100 वाले 100 समता अंश जो ₹ 50 की प्रथम एवं अन्तिम याचना का भुगतान नहीं होने से हरण कर लिए गये थे, B को ₹ 70 प्रति अंश पूर्णतः चुकता मानते हुए निर्गमित किए गए हैं। हरण और पुनः निर्गमन के लेखे हेतु जर्नल प्रविष्टियां कीजिए। 4

A's 100 equity shares of ₹ 100 each forefeited due to non-payment of first and final call of ₹ 50, are reissued to B for ₹ 70 per share as fully paid. Give the journal entries for recording forfeiture and reissue.

8. रोहन लिमिटेड ने प्रति ऋणपत्र ₹ 100 के 10,000, 12% ऋणपत्र जारी किए जिसमें आवेदन पर ₹ 30 और आवंटन पर शेष राशि देय है। जनता ने 9,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन किया जो पूर्णतः आवंटित किए गये थे और उपयुक्त अपेक्षित राशि प्राप्त की गई। रोहन लिमिटेड के खातों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए। 4

Rohan Ltd. issues 10,000, 12% debentures of ₹ 100 each payable as ₹ 30 on application and remaining amount on allotment. The public applied for 9,000 debentures which were fully allotted and all the relevant allotment money duly received. Give journal entries in the books of Rohan Ltd.

9. एक कम्पनी निम्नलिखित ऋणपत्रों को जारी करती है :

(i) ₹ 100 प्रत्येक वाले 10,000, 12% ऋणपत्र सममूल्य पर लेकिन 5 वर्षों के बाद 5% प्रीमियम पर भुगतान योग्य हैं।



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(ii) ₹ 100 प्रत्येक वाले 10,000, 12% ऋणपत्र 10% छूट पर लेकिन 5 वर्षों के बाद सममूल्य पर भुगतान योग्य हैं।

उक्त के लिए निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टियां कीजिए : 4

(a) ऋणपत्रों के निर्गमन पर और

(b) दी गई अवधि के बाद ऋणपत्रों के पुनर्भुगतान पर

A company issues the following debentures:

(i) 10,000, 12% debentures of ₹100 each at par but redeemable at premium of 5% after 5 years.

(ii) 10,000, 12% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% but redeemable at par after 5 years.

Pass the journal entries to record the :

(a) issue of debentures and

(b) repayment of debentures after the given period.

10. चंचल क्लब, देहरादून का निम्न सूचना के आधार पर आगम तथा शोधन खाता तैयार कीजिए-

**आगम**-चन्दे प्राप्त हुए ₹ 2,400; कमरे का किराया प्राप्त ₹ 140; क्रीड़ा शुल्क ₹ 700; जलपान गृह से प्राप्त राशि ₹ 1,500; विनियोगों से प्राप्त ब्याज ₹ 720; प्रवेश शुल्क ₹ 600; दान ₹ 1,200।

**भुगतान**-मरम्मत ₹ 144; लघु व्यय ₹ 240; वेतन ₹ 1,200; छपाई तथा लेखन सामग्री ₹ 360; जलपान गृह का सामान ₹ 1,020; चौकीदार की मजदूरी ₹ 816; विद्युत व्यय ₹ 480; किराया और कर ₹ 600।

**नोट** : वर्ष के अन्त में अदत्त वेतन ₹ 300 तथा अप्राप्त चन्दा ₹ 500 था। फर्नीचर पर ₹ 200 ह्रास लगाना है। रोकड़ बाकी 1 जनवरी 2017 ₹ 1,116; रोकड़ बाकी 31 दिसम्बर, 2017 ₹ 3,516। 4

downloaded from StudentSuvidha.com

Prepare a Receipt and Payment Account of Chanchal Club, Dehradun from the following information :

**Receipts :** Subscriptions received ₹ 2,400; Rent of Room ₹ 140; Games fee ₹ 700; Receipts from canteen ₹ 1,500; Interest on Investment ₹ 720; Entrance Fees ₹ 600; Donation ₹ 1,200.

**Payments :** Repairs ₹ 144; Petty expenses ₹ 240; Salaries ₹ 1,200; Printing and Stationery ₹ 360; Canteen stores ₹ 1,020; Wages of guard ₹ 816; Electric charges ₹ 480; Rent and taxes ₹ 600.

**Note :** There were outstanding salary ₹ 300 and accrued subscription ₹ 500 at the end of the year. Furniture is to be depreciated by ₹ 200.

Cash Balance 1st January, 2017– ₹ 1,116.

Cash Balance 31st December, 2017- ₹ 3,516.



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

11. A और B, 5 : 3 के अनुपात में लाभा-लाभ का विभाजन करते हुए साझेदार हैं। C फर्म में नये साझेदार के रूप में प्रवेश करता है। नये साझेदार को A अपने हिस्से का 1/4 देता है और B अपने हिस्से का 2/5 देता है। नया लाभ विभाजन अनुपात और त्याग का अनुपात निकालिये। 4

A and B are partners sharing profits in the ratio of 5 : 3. C joins the firm as a new partner. A gives 1/4 th of his share and B gives 2/5 th of his share to new partner. Find out new profit sharing ratio and sacrificing ratio.

12. एक साझेदारी फर्म ने गत चार वर्षों के दौरान निम्नलिखित शुद्ध लाभ कमाया :

प्रथम वर्ष ₹ 20,000 तृतीय वर्ष ₹ 28,000

द्वितीय वर्ष ₹ 22,000 चतुर्थ वर्ष ₹ 34,000

फर्म की विनियोजित पूँजी ₹ 1,20,000 है।

जोखिम को ध्यान में रखते हुए पूँजी पर उचित प्रतिफल की दर 10% है।

उपरोक्त अवधि से प्राप्त औसत अधिलाभों के तीन वर्ष के क्रय मूल्य के आधार पर ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए। 6

A partnership firm earned net profits during the last four years as follows :

1st year ₹ 20,000 3rd year ₹ 28,000

2nd year ₹ 22,000 4th year ₹ 34,000

The capital investment of the firm is ₹ 1,20,000.

A fair return on the capital having regard to the risk involved is 10%.

Calculate the value of goodwill on the basis of 3 years' purchase of average super profits earned during the above mentioned period.

**अथवा (OR)**

एक फर्म में P और Q, 3 : 2 के अनुपात में लाभों को बाँटते हुए साझेदार हैं। R लाभ में 1/4 भाग के लिए साझेदारी में प्रवेश करता है। R पूँजी के रूप में ₹ 1,00,000 और अपने हिस्से की ख्याति (प्रीमियम) के लिए ₹ 15,000 नगद लाता है। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए।

P and Q are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. R admit in partnership for 1/4th share in profits. R brings ₹ 1,00,000 as capital and ₹ 15,000 as his share of goodwill (premium). Give necessary journal entries.

13. मोहन लिमिटेड ने ₹ 50 प्रति अंश वाले 60,000 समता अंशों पर ₹ 10 प्रति अंश प्रीमियम पर आवेदन आमन्त्रित किए हैं। राशियां निम्न प्रकार देय थीं :

आवेदन और आवंटन पर ₹ 20 प्रति अंश, शेष (अधिमूल्य सहित) प्रथम और अन्तिम याचना पर।

80,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे। 5,000 अंशों के लिए आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया गया था और शेष आवेदनों पर आनुपातिक आवंटन किया गया था। सभी याचनाएँ की गयी थी और 'रोहन' को आवंटित 600 अंशों पर प्रथम और अन्तिम याचना की राशि को छोड़कर सभी देय राशियाँ प्राप्त हो गई थी। उसके अंशों

StudentSuvidha.com
downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

को जब्त कर लिया गया था। जब्त किए गये अंश ₹ 60 की दर से पूर्णतः चुकता मूल्य पर पुनःनिर्गमित कर दिये गए थे।

मोहन लिमिटेड की बहियों में आवश्यक रोजनामचा कीजिए। 6

Mohan Ltd. invited applications for 60,000 equity shares of ₹ 50 each issued at a premium of ₹ 10 per share. The amount was payable as follows :

On application and allotment ₹ 20 per share. Balance (including premium) on first and final call.

Applications for 80,000 shares were received. Applications for 5,000 shares were rejected and pro-rata allotment was made to the remaining applicants. All calls were made and were duly received except the first and final call on 600 shares which were alloted to Rohan. His shares were forefieted. The forefeited shares were reissued at ₹ 60 fully paid up.

Pass necessary journal entries in the books of Mohan Ltd.

**अथवा (OR)**

निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिये : 2×3=6

(क) कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना

(ख) अग्रिम प्राप्त माँग

(ग) न्यूनतम अभिदान

Write notes on the following :

(a) Employees Stock Option Plan (ESOP)

(b) Calls-in-advance

(c) Minimum subscription

14. निम्नलिखित विवरण से आप एक क्लब का 31 दिसम्बर, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष का आय-व्यय खाता बनाइये।

प्राप्ति एवं भुगतान खाता

| प्राप्तियाँ | धनराशि (₹) | भुगतान | धनराशि (₹) |
|---|---|---|---|
| गतवर्ष का शेष | 2,350 | वेतन | 1,200 |
| प्रवेश शुल्क | 300 | बिजली व्यय | 120 |
| चन्दे : | | अन्य व्यय | 525 |
| 2016 | 50 | सावधि जमा | 2,500 |
| 2017 | 3,500 | बर्तन | 200 |
| 2018 | 75 | लेनदार | 1,000 |
| जलपान | 100 | शेष (31-12-2017) | 1,150 |
| विविध आय | 320 | | |
| | ₹ 6,695 | | ₹ 6,695 |

1 जनवरी, 2017 को निम्नलिखित सम्पत्ति और दायित्व थे- बर्तन ₹ 800; फर्नीचर ₹ 2,500; उपभोग्य वस्तु ग्डार ₹ 350; लेनदार ₹ 1,200



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

31 दिसम्बर, 2017 को उपभोग्य वस्तु भण्डार का मूल्य ₹ 700 था; लेनदार ₹ 550 थे; अदत्त चन्दे ₹ 75 और सावधि जमा पर ₹ 25 प्राप्य ब्याज हुआ। बर्तनों तथा फर्नीचर के अन्तिम शेष पर क्रमशः 15% तथा 10% ह्रास काटिये। 6

From the following particulars, prepare Income and Expenditure Account of a Club for the year ended 31st December 2017.

Receipts and Payments Account

| Receipts | Amount (₹) | Payments | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| To Balance b/f | 2,350 | By Salaries | 1,200 |
| To Entrance fee | 300 | By Electric charges | 120 |
| To subscriptions : | | By other Exp. | 525 |
| 2016 | 50 | By Fixed Deposits | 2,500 |
| 2017 | 3,500 | By Utensils | 200 |
| 2018 | 75 | By Creditors | 1,000 |
| To Refreshment | 100 | By Balance c/d | 1,150 |
| To Misc. Income | 320 | (31-12-2017) | |
| | ₹ 6,695 | | ₹ 6,695 |

Following were the Assets and liabilities as on 1st January 2017 :

Utensils ₹ 800; Furniture ₹ 2,500; Consumable stores ₹ 350; Creditors ₹ 1,200; On 31st December, 2017, stock of consumable stores was ₹ 700; creditors were ₹ 550; Outstanding subscription ₹ 75 and Accrued Interest on Fixed Deposits was ₹ 25. Charges depreciation on the closing balance of Utensils and Furniture @ 15% and 10% respectively.

15. राम और श्याम एक फर्म में साझेदार थे। 31 दिसम्बर 2016 को उनका निम्नलिखित स्थिति विवरण था :

| पूँजी और दायित्व | धनराशि (₹) | सम्पत्तियाँ | धनराशि (₹) |
|---|---|---|---|
| अदत्त दायित्व | 10,000 | नक़द | 4,000 |
| विविध लेनदार | 30,000 | बैंक | 56,000 |
| बैंक अधिविकर्ष | 20,000 | देनदार | 30,000 |
| देय विपत्र | 30,000 | फर्नीचर | 12,000 |
| संचय | 18,000 | मशीनरी | 24,000 |
| पूँजी खाते : ₹ | | भवन | 57,000 |
| राम 45,000 | | | |
| श्याम 30,000 | 75,000 | | |
| ₹ | 1,83,000 | ₹ | 1,83,000 |

वे मोहन को निम्नांकित शर्तों पर फर्म में प्रवेश देने का निर्णय लेते हैं :



https://www.ukboardonline.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com
StudentSuvidha.com
downloaded from

(अ) मोहन पूँजी के रूप में ₹ 45,000 लाता है और वह भविष्य के लाभ का 1/4 हिस्सा प्राप्त करेगा।

(ब) फर्म की बहियों में ₹ 30,000 से ख्याति खाता खोला जायेगा और बहियों में ख्याति खाता नहीं रहना चाहिए।

(स) मशीनरी, भवन और फर्नीचर को 5% से ह्रासित किया जाए।

(द) संदिग्ध ऋणों के लिए 5% प्रावधान का निर्माण किया जाए।

पुनर्मूल्यांकन खाता, सभी साझेदारों के पूँजी खाते और नई फर्म का चिट्ठा बनाइए। 8

Ram and Shyam were partners in a firm. Their Balance sheet as on 31st December 2016 stood as follows : https://www.ukboardonline.com

| Capital and Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Outstanding Liabilities | 10,000 | Cash | 4,000 |
| Sundry Creditors | 30,000 | Bank | 56,000 |
| Bank Overdraft | 20,000 | Debtors | 30,000 |
| Bills Payable | 30,000 | Furniture | 12,000 |
| Reserve | 18,000 | Machinery | 24,000 |
| Capital Accounts : ₹ | | Building | 57,000 |
| Ram 45,000 | | | |
| Shyam 30,000 | 75,000 | | |
| ₹ | 1,83,000 | ₹ | 1,83,000 |

downloaded from StudentSuvidha.com

They decided to admit Mohan in partnership on the following terms :

(a) Mohan brings ₹ 45,000 as capital and he will receive 1/4 share in future profits.

(b) A Goodwill Account for ₹30,000 to be opened in the books of the firm and Goodwill Account should not remain in the books.

(c) The machinery, building and furniture to be depreciated by 5%.

(d) A provision @ 5% to be created for doubtful debts.

Prepare Revaluation Account, Capital Accounts of all partners and the Balance sheet of the new firm.

**अथवा (OR)**



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

रहीम और हेमन्त एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं। उन्होंने 31 मार्च, 2017 को, जब आर्थिक चिट्ठा निम्नांकित था, अपनी फर्म को विघटित करना निश्चित किया :

| दायित्व | धनराशि (₹) | सम्पत्तियाँ | धनराशि (₹) |
|---|---|---|---|
| विविध लेनदार | 2,700 | बैंक में रोकड़ | 3,000 |
| संचय कोष | 3,000 | विविध देनदार | 850 |
| हेमन्त का ऋण खाता | 3,000 | प्लाण्ट | 4,700 |
| पूंजी : | | रहतिया | 15,150 |
| रहीम | 12,000 | पट्टा | 6,000 |
| हेमन्त | 12,000 | फर्नीचर एवं फिटिंग्स | 3,000 |
| | ₹ 32,700 | | ₹ 32,700 |

पट्टे को ₹ 6,300 में, फर्नीचर एवं फिटिंग्स को ₹ 3,300 में तथा रहतिया को ₹ 13,800 में बेचा गया। पुस्तकीय देनदारों से केवल ₹ 800 की वसूली हुई, जबकि प्लाण्ट को बेचने से ₹ 4800 मिले। लेनदारों को ₹ 2,600 पूर्ण भुगतान में चुकाये। वसूली खर्च ₹ 500 हुए।

फर्म के खातों को बन्द करने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

Rahim and Hemant are equal partners in a firm. They decided to dissolve the partnership on 31st March, 2017 when the statement of affairs was as follows:

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | 2,700 | Cash at Bank | 3,000 |
| Reserve Fund | 3,000 | Sundry Debtors | 850 |
| Hemant's Loan A/c | 3,000 | Plant | 4,700 |
| Capital A/c : | | Stock | 15,150 |
| Rahim | 12,000 | Lease | 6,000 |
| Hemant | 12,000 | Furniture and Fittings | 3,000 |
| | ₹ 32,700 | | ₹ 32,700 |

The lease was sold for ₹ 6,300, furniture and fittings for ₹ 3,300 and stock for ₹13,800. The book debts realised only ₹ 800, whereas plant realised ₹ 4800. The Creditors were paid ₹ 2600 in full settlement. Expenses of realisation amounted to ₹500.

Pass the necessary Journal entries to close the books of the firm.

## भाग - 'ख' (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## Part - 'B' (Analysis of Financial Statements)

16. 'वित्तीय विवरणों के विश्लेषण' से क्या आशय है? 2

What is meant by 'Analysis of Financial Statements'?



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

17. रोकड़ प्रवाह विवरण बनाने के कोई दो उद्देश्य लिखिए। 2

Write any two objectives of preparing Cash flow statement.

18. सुधीर लि0 के अभिलेखों से आप निम्न सूचनाएँ प्राप्त करते हैं :

| | 1996 | 1997 |
|---|---|---|
| बिक्री (शुद्ध) | ₹ 8,12,500 | ₹ 14,91,800 |
| बेची गयी वस्तु की लागत | ₹ 5,98,000 | ₹ 10,54,700 |

प्रत्येक वर्ष के लिए सकल लाभ अनुपात ज्ञात कीजिए। 3

You obtain the following informations from the records of Sudhir Ltd.:

| | 1996 | 1997 |
|---|---|---|
| Sales (Net) | ₹ 8,12,500 | ₹ 14,91,800 |
| Cost of goods sold | ₹ 5,98,000 | ₹ 10,54,700 |

Find out gross profit ratio for each year.

19. वित्तीय विश्लेषण की किन्हीं तीन तकनीकों का उल्लेख कीजिए। 3

Describe any three techniques of financial analysis.

20. अनुज लि0 का चिट्ठा निम्न है :

**आर्थिक चिट्ठा**

| दायित्व | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 80,000 | अमूर्त सम्पत्तियाँ | 48,000 |
| संचय एवं आधिक्य | 40,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ | 1,12,000 |
| बन्धक ऋण | 64,000 | विनियोग | 8,000 |
| बैंक अधिविकर्ष | 8,000 | स्कन्ध | 24,000 |
| लेनदार | 32,000 | देनदार | 24,000 |
| कर के लिए प्रावधान | 16,000 | बैंक शेष | 24,000 |
| ₹ | 2,40,000 | ₹ | 2,40,000 |

निम्न अनुपातों की गणना कीजिए :

(i) तरल अनुपात (ii) चालू अनुपात (iii) शोधन अनुपात (iv) स्वामित्व अनुपात 4

The following is the Balance Sheet of Anuj Ltd. :

**Balance Sheet**

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Equity Share capital | 80,000 | Intangible Assets | 48,000 |
| Reserve & Surplus | 40,000 | Fixed Assets | 1,12,000 |
| Mortgage Loan | 64,000 | Investments | 8,000 |
| Bank Overdraft | 8,000 | Stock | 24,000 |
| Creditors | 32,000 | Debtors | 24,000 |
| Provision for tax | 16,000 | Bank Balance | 24,000 |
| ₹ | 2,40,000 | ₹ | 2,40,000 |



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

Calculate the following ratios :

(i) Liquid ratio (ii) Current ratio (iii) Solvency ratio (iv) Properietory ratio

21. निम्नलिखित सूचनाओं से संचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए- 6

| विवरण | 31-03-18 ₹ | 01-04-17 ₹ |
|---|---|---|
| लाभ-हानि विवरण का शेष | 60,000 | 80,000 |
| देनदार | 19,000 | 28,000 |
| देय किराया | 2,400 | -- |
| पूर्वदत्त बीमा | 1,600 | 1,200 |
| इन्वेंट्री (स्टॉक) | 49,000 | 32,000 |
| लेनदार | 15,000 | 25,000 |

अतिरिक्त सूचनाएें :

(a) मशीनरी पर ह्रास ₹ 24,000

(b) अपलिखित ख्याति ₹ 6,000

(c) फर्नीचर के विक्रय पर हानि ₹ 2,000

(d) मशीनरी के विक्रय पर लाभ ₹ 4,000

Prepare Cash flow statement from Operating Activities from following information :

| Particulars | 31-03-18 ₹ | 01-04-17 ₹ |
|---|---|---|
| Balance in Statement of Profit and Loss | 60,000 | 80,000 |
| Debtors | 19,000 | 28,000 |
| Rent Payable | 2,400 | - |
| Prepaid Insurance | 1,600 | 1,200 |
| Inventory (Stock) | 49,000 | 32,000 |
| Creditors | 15,000 | 25,000 |

Additional information :

(a) Depreciation on Machinery ₹ 24,000

(b) Goodwill written off ₹ 6,000

(c) Loss on sale of furniture ₹ 2,000

(d) Gain on sale of Machinery ₹ 4,000

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## भाग - 'ग' (अभिकलित्र लेखांकन)
## Part - 'C' (Computerised Accounting)

16. कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की अवधारणा संक्षेप में दीजिए। 2

Give in brief the concept of computerised Accounting System.

17. डाटाबेस प्रबन्ध प्रणाली क्या है? 2

What is database management system.

18. डाटाबेस प्रबन्ध प्रणाली के कोई तीन उद्देश्य बताइए। 3

State any three objectives of database management system.

19. स्ट्रकचर्ड क्वेरी भाषा के क्या कार्य हैं? 3

What are the functions of structured query language?

20. एक्सेल का प्रयोग किस प्रकार के कार्यों हेतु उपयुक्त है? 3

For what type of applications, Excel is appropriate?

21. (क) मैसर्स चंचल लि0 की निम्नलिखित सूचना के आधार पर बैंक वाउचर तैयार कीजिए : 3

| दिनांक | वाउचर सं0 | कोड | खाता | धनराशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 31-3-2017 | 3 | 40001 | पूर्वाधिकार अंश पूँजी | 5,00,000 |
| 31-3-2017 | 3 | 40004 | निर्गमन पर अधिमूल्य | 50,000 |
| 31-3-2017 | 3 | 40006 | बैंक | 10,00,000 |

तैयारकर्ता राम श्याम द्वारा अधिकृत

Design a Bank Voucher with the following information of M/s Chanchal Ltd. :

| Date | V.No. | Code | Account | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 31-3-2017 | 3 | 40001 | Preference Share Capital | 5,00,000 |
| 31-3-2017 | 3 | 40004 | Premium on Issue | 50,000 |
| 31-3-2017 | 3 | 40006 | Bank | 10,00,000 |

Prepared by Ram Authorised by Shyam

(ख) मैसर्स मंगल लि0 25 व्यक्तियों को नियुक्त करते हैं, जिनके वेतन में मूल वेतन, महँगाई भत्ता, मकान भत्ता तथा शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता सम्मिलित है। भुगतान के नियम निम्नलिखित है।

भत्तों की गणना करने के लिए निम्नलिखित डाटा का एम0 एस0 एक्सेस में उपयोग करते हुए एस0 क्यू0 एल0 में प्रश्न लिखिए :

मकान किराया भत्ता : ₹ 25,000 मूल वेतन तक ₹ 4,000; ₹ 35,000 मूल वेतन तक ₹ 8,000;



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

₹ 45,000 मूल वेतन से अधिक पर ₹ 10,000;

शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता : मूल वेतन का 25% की दर से लेकिन न्यूनतम ₹ 7000। 4

M/s Mangal Ltd. employs 25 persons whose salary comprises Basic Pay,Dearness Allowance, House Rent Allowance and City Compensatory Allowance. The following are the rules that govern the payment.

Write the queries in SQL using the following data in MS-Access to compute the allowances :

House Rent Allowance : ₹ 4,000 upto a Basic Pay of ₹ 25,000; ₹ 8,000 upto Basic Pay of ₹ 3,5000; ₹10,000 for Basic Pay above ₹ 45,000.

City compensatory Allowance : @ 25% of Basic Pay subject to a minimum of ₹ 7000.

*****

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com